SSLC EXAMINATION, MARCH - 2023
HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- यह समय प्रश्न पढ़ने और उत्तर के आयोजन के लिए है।
- सूचनाओं के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान रखें।

Score

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 के उत्तर लिखें।

> जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?" "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?" "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है!

1. "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?" - यह किसका कथन है? 1

2. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 3 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं। कलाम यह जानता है और झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

3. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

   (क) वे + के = उसके　　(ख) वह + के = उसके

   (ग) यह + के = उसके　　(घ) ये + के = उसके

Score

4. केलाम झट एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है। क्यों? 2

5. एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है। इसपर रणविजय और कलाम के बीच बातचीत हुई। वह **बातचीत** कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

भाषण में रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है। इस घटना पर समाचार पत्र की **रपट** कल्पना करके लिखें।

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बहुत मुबाहिसा के बाद वह अंततः चार्ली को स्टेज पर ले गया और बचाव के कुछ शब्द कह उसे अकेला छोड़ आया। धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच चार्ली ने मशहूर गीत *जैक जोन्स* गाना शुरू किया।

6. 'प्रसिद्ध' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

(क) छल्ला (ख) मुबाहिसा (ग) मशहूर (घ) बचाव

7. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) चार्ली गीत गाने लगा। (ख) चार्ली गीत गाने लगी।

(ग) चार्ली गीत गानी लगी। (घ) चार्ली गीत गाना लगे।

8. सही मिलान करें। 4

मैनेजर चार्ली को	शुरू कर दिया।
माँ की आवाज़ फटकर	मंच पर लाया।
चार्ली ने गीत गाना	गाना सज गया।
धुन के अनुसार	फुसफुसाहट में बदल गई।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> गणित के माटसाब सुरेंदर जी का पीरियड खेल घंटी के बाद आता था। बच्चे उनसे काँपते थे और खेल घंटी बंद होने से दो मिनट पहले ही अपनी-अपनी जगहों पर आकर बैठ जाते थे।

9. गणित का पीरियड कब आता था? 1

Score

10. बच्चे खेल घंटी बंद होने से दो मिनट पहले ही अपनी-अपनी जगहों पर आकर बैठ जाते थे। क्यों? 1

(क) बच्चों को गणित पसंद था। (ख) सुरेंदर जी बच्चों के प्यारे थे।

(ग) बच्चे खेलते-खेलते थक गए थे। (घ) बच्चे सुरेंदर जी से डरते थे।

11. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(गणित की; समय पर)



सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "अब लौट चलें साहब", कुछ देर बाद उसने कहा, "सर्दी बढ़ रही है और मैं अपनी चादर साथ नहीं लाया।" अविनाश ने झट से अपना कोट उतारकर उसकी तरफ़ बढ़ा दिया। कहा, "लो, तुम यह पहन लो। अभी हम लौटकर नहीं चलेंगे। तुम्हें कोई गालिब की चीज़ याद हो, तो सुनाओ।"

12. किसने कोट उतारकर मल्लाह को दिया? 1

13. यहाँ 'गालिब की चीज़' से क्या तात्पर्य है? 1

(क) गालिब का उपन्यास (ख) गालिब की कहानी

(ग) गालिब की गज़ल (घ) गालिब का नाटक

14. भोपाल ताल की इस घटना के बारे में अविनाश डायरी लिखता है। संभावित **डायरी** लिखें। 4

अथवा

भोपाल ताल के अनुभवों के बारे में मोहन राकेश अपने मित्र को **पत्र** लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

Score

सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

> क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
> खत्म हो गए हैं एकाएक
> तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?
> कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
> भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
> कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल

15. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) बगीचा (ख) दुनिया (ग) लेकिन (घ) सारे

16. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और 17 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> तभी भैया आ गया, "गुठलिया अपने नानू को खाना नहीं दिया?" "देखो भाई साहब, आप कुल दीपक हो, यह घर, यह बगीचा और यह नानू सब आपका ही है, तो बेहतर होगा आप ही इन सबकी देखभाल करें... और वैसे भी मैं तो पराई अमानत हूँ।"

17. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) गुठली भैया से कहता है। (ख) गुठली भैया से कहती है।
(ग) गुठली भैया से कहती हूँ। (घ) गुठली भैया से कहते हैं।

18. 'बेहतर होगा आप ही इन सबकी देखभाल करें' - गुठली क्यों ऐसा कहती है? 2

19. 'लड़का-लड़की का समान अधिकार है' यह संदेश देनेवाला पोस्टर तैयार करें। 4

अथवा

'असमानता समाज का अभिशाप' विषय पर एक टिप्पणी तैयार करें।

- स्त्री-पुरुष की असमानता
- समानता की आवश्यकता
- समानता से लाभ
- समानता विकास का आधार

-oOo-